आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 13.09.2024 समय: 2.10 PM

समाचार

स्वच्छता अभियान पोर्टल

केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह विशेष स्वच्छता अभियान के चौथे चरण की प्रगति की निगरानी के लिए एक विशेष ऑन लाइन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य परिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में स्वच्छता को और बढ़ावा देना है। सरकार ने दो से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए प्रत्येक वर्ष विशेष अभियान चलाने का निर्णय किया है।

मिठाई मिलावट

भारतीय खादय सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को त्यौहारो के दौरान मिलावटी मिठाई और दुग्ध उत्पाद बनाने और बेचने वालों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए समय समय पर औचक जांच भी की जानी चाहिए।

प्राधिकरण ने सुझाव दिया है कि जहां खाद्‌य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा जांच के लिए **फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स** जैसे वैन उपलबध हैं, उन्हें प्रमुख बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात किया जाना चाहिए।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों मानसून सीजन का सबसे स्ट्रांग सिस्टम सक्रिय है। इसके फलस्वरुप अधिकतर जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। सभी बांध लबालब भरे हुए हैं और सभी प्रमुख नदियां उफान पर है।

उधर,नरसिंहपुर जिले में लगातार बारिश के चलते बरगी बांध के 17 गेट खोले जाने के बाद नर्मदा नदी उफान पर है। निचली बस्तियों को खाली कराया गया है, वही नदी के पास के गांवों में अलर्ट जारी किया गया है।

पोषण माह-कटनी

कटनी जिले में पोषण माह के दौरान कई आयोजन किये जा रहे हैं। पोषण माह के दूसरे सप्ताह पर बच्चों के विकास की निगरानी की जा रही है। केंद्र सरकार के पोषण अभियान पोर्टल पर कुल 13 हजार 772 गतिविधियों के साथ कटनी की रैंकिंग राज्य में द्वितीय स्थान पर है। पोषण अभियान के तहत जिले के 1 हजार 713 आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओ, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को समग्र रूप से बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

पन्ना हीरा

पन्ना जिले में नरंगीबाग के एक मजदूर स्वामीदीन पाल को सरकोहा हीरा खदान में 32 कैरेट से अधिक आकर का उज्जवल किस्म का हीरा मिला है । उन्होंने इसे हीरा कार्यालय में जमा कर दिया है । श्री पाल ने बताया कि इस हीरे से जो राशि प्राप्त होगी उससे कुछ जमीन लेंगे और आर्थिक स्थिति को सुधारते हुए बच्चों की पढ़ाई पर भी खर्च करेंगे. वहीँ, पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि इस

हीरे की कीमत करीब 1 करोड़ से ऊपर बताई जा रही है. इस हीरे को अगली हीरा नीलामी में बोली के लिए रखा जाएगा।

पीएम पैरालम्पिक खिलाड़ी

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में हाल में संपन्न पैरालिंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के साथ बातचीत की। श्री मोदी ने पदक विजेताओं और प्रतिभागियों को एक कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रति पैरालंपियनों का दृष्टिकोण हर किसी के लिए एक प्रेरणा है। स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने अपना एक स्वर्ण पदक प्रधानमंत्री को समर्पित किया।

समाचार संक्षेप में

1. कटनी जिले में हिंदी दिवस के अवसर पर पखवाड़े के दौरान स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी से संबंधित संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

2. बालाघाट में कलेक्टर मृणाल मीना ने राजस्व अधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से चर्चा करते हुए क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए ।

3. शिवपुरी जिले में स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य महकमा हाई अलर्ट पर है। जिले में स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

4. आगरमालवा जिले में आज तेजा दशमी के मौके पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने निशान चढ़ाये।

5. छतरपुर शहर में गणेश मूर्ति विसर्जन स्थल बूढ़ा बांध निर्धारित किया गया है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अधिकारियों के साथ यहाँ पहुंचकर सुरक्षात्मक दृष्टिगत निरीक्षण किया। और

6. अशोक नगर पुलिस ने बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 15 बाइक बरामद की है।